

### 1896 से ओलिंपिक का हिस्सा

ओलिंपिक तलवारबाजी में यूरोपीय देशों का दबदबा रहा है। ओलिंपिक में 1896 एथेंस ओलिंपिक में ही तलवारबाजी को शामिल कर दिया गया था और तब से वह इन खेलों का हिस्सा बना हुआ है। महिला तलवारबाजी 1924 में पेरिस ओलिंपिक में शामिल की गई थी। महिलाएं पहले फॉएल में भाग लेती थी, लेकिन अटलांटा ओलिंपिक 1996 से उन्होंने एपे और एथेन्स 2004 से सेबर में हिस्सा लेना शुरू किया था।

## पीएम मोदी भवानी से बोले तुम झांसी की रानी हो बेटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वैसे तो तलवारबाजी हिंदुस्तान के वीरों और वीरंगनाओं की शौर्यगाथाओं का हिस्सा रही है, लेकिन खेल के रूप में इसे पहचान सीए भवानी देवी ने दिया। वही भवानी देवी जिन्होंने भारतीय ओलिंपिक इतिहास में एक नए अध्याय का आगाज किया। तोक्यो ओलिंपिक के लिए फेंसिंग में क्वालीफाई करने वाली देश की पहली तलवारबाज बनी। दूसरे दौर में भले ही हार गई, लेकिन देश का दिल जीत लिया। चेन्नई की रहने वाली भवानी देवी 27 साल की हैं। पीएम मोदी ने 16 अगस्त को तोक्यो ओलिंपिक के भारतीय दल को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। इस दौरान भवानी ने पीएम मोदी से मुलाकात की। दो तस्वीर ट्वीट करते हुए अपने मन की बात सोशल मीडिया पर बयां की। भवानी ने अपने पिता को याद किया, आप और क्या चाहेंगे? मैंने हाल ही में अपने पिता को खोया। अब माननीय प्रधानमंत्री के शब्द और आशीर्वाद ने मुझे उनकी याद दिला दी।

# जमकर खेलिए और और पूरी ताकत लगा दीजिए

## 24 अगस्त से तोक्यो में शुरू होंगे पैरालिपिंक खेल

**पैरालिपिंक खेल**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से तोक्यो पैरालिंपिक में भारत का झंडा बुलंद करने जा रहे खिलाड़ियों से बातचीत की। 24 अगस्त से 5 सितंबर, 2021 तक होने पैरालिंपिक खेलों में 54 सदस्यीय भारतीय दल शिरकत करने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने लाइव बातचीत में खिलाड़ियों के भीतर जोश भरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि, श्इस बार भी आप विजयी होकर आएंगे तो मैं जरूर आपसे मिलूंगा और आपके अनुभव जानूंगा। पूरा प्रयास करिएगा, लेकिन कोई दबाव नहीं लेना है।

**10 पैरा शूटर्स ने किया क्वालीफाई**

पहली बार 10 निशानेबाजों ने क्वालीफाईंग मानदंड हासिल किया। तोक्यो पैरालिंपिक से पहले तक केवल एक निशानेबाज ही कोटा हासिल कर पाया था, लेकिन इस बार निशानेबाजों ने 10 कोटा हासिल किए हैं, जिनमें दो महिला निशानेबाज भी शामिल हैं।



यहां भी स्टेडियम में नहीं होंगे फैंस

कोरोना वायरस महामारी के कारण ओलिंपिक की तरह पैरालिंपिक खेलों के दौरान भी स्टेडियम में प्रशंसकों को आने की अनुमति नहीं होगी। ओलिंपिक के दौरान तोक्यो के बाहरी क्षेत्रों हुए खेल आयोजनों में कुछ प्रशंसकों को अनुमति दी गई थी, लेकिन इस बार किसी भी खेल के लिए दर्शकों को आने की अनुमति नहीं होगी। आयोजकों ने लोगों से मैराथन और पैदल चाल जैसी स्पर्धाएं देखने के लिए भी न आने को कहा है।

**तोक्यो में बढ़े कोरोना के मामले**

पैरालंपिक खेलों का आयोजन 24 अगस्त से होगा जिसमें लगभग 4,400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ओलिंपिक में 11,000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया था ।पैरालिंपिक खेलों से पहले तोक्यो में नये संक्रमण के मामले बढ़ गए है और इससे खिलाड़ियों के भी संक्रमित होने का खतरा है। ओलिंपिक के 17 दिनों के दौरान तोक्यो में नए संक्रमण तीन गुना तक बढ़ गए, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा कि यह बढ़ोतरी खेलों की वजह से नहीं हुई थी।

**12 सितंबर तक बढ़ी कोरोना एमरजेंसी:** महामारी की स्थिति खराब होने के साथ जापानी प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने सोमवार को कहा कि तोक्यो और अन्य क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति को 12 सितंबर तक बढ़ा दिया जाएगा। आपातकाल की स्थिति 12 जुलाई से लागू है और इस महीने के अंत में समाप्त होनी थी। पैरालिंपिक खेल पांच सितंबर को खत्म होंगे।

# भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ करेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 के सुपर 12 चरण में अपने अभियान की शुरुआत चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को करेगी। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल ने शेड्यूल का ऐलान मंगलवार को किया। दोनों टीमें दुबई में आमने सामने होंगी।

भारत अपने दूसरे मुकाबले में 31 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड भिड़ेगा। उसके बाद टीम को 3 नवंबर को अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत को सुपर 12 मैच के बचे हुए दो मैचों को ग्रुप बी के विजेता (दुबई में पांच नवंबर) और ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम (दुबई में आठ नवंबर) के खिलाफ खेलना है।

**10 नवंबर को पहला सेमीफाइनल अबुधाबी में खेला जाएगा**

टूर्नामेंट का पहला दौर 17 अक्टूबर को ओमान में शुरू होगा, जिसमें शुरुआती मैच में ओमान का सामना पापुआ न्यू गिनी जबकि बांग्लादेश का मुकाबला स्कॉटलैंड से होगा। ग्रुप ए में श्रीलंका, आयरलैंड, नीदरलैंड और नामीबिया शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी और ओमान हैं।

दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 12 चरण को भी दो समूहों में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट का दूसरा दौर होगा जो 23 अक्टूबर से शुरू होगा। इसका आगाज अबू धाबी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मैच से होगा। इसी दिन दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की टीम मैदान में उतरेगी।

पहला सेमीफाइनल 10 नवंबर को अबुधाबी में खेला जाएगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल का आयोज 11 नवंबर को दुबई में होगा। दोनों सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है।

टी20 विश्व कप का फाइनल मैच रविवार (14 नवंबर) को दुबई में खेला जाएगा। फाइनल के लिए भी एक रिजर्व डे रखा गया है। साल 2016 के बाद पहली बार हो रहे टी20 विश्व कप का आयोजन 17 अक्टूबर से 14 नवंबर तक ओमान और यूएई (दुबई, अबुधाबी और शारजाह) में होगा।

## बुमराह और शमी के खिलाफ इंग्लैंड की गेंदबाजी पर भड़का आस्ट्रेलियाई दिग्गज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वार्न ने लार्ड्स में दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के खिलाफ इंग्लैंड की रणनीति की बेहद आलोचना की। मेजबान टीम को इस मैच में 151 रनों से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों को यह पता नहीं था कि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को कैसे आउट किया जाए। शमी और बुमराह की 9वें विकेट के लिए 89 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड को 272 रन का लक्ष्य मिला, जिसे मेजबान टीम हासिल नहीं कर पाई और 151 रन से हार गई। वार्न ने कहा, इंग्लैंड के क्रिकेटर खड़े होकर सिर खुजलाते हुए कह रहे होंगे, क्या गलत हुआ? जो गलत हुआ वह रणनीति थी। इंग्लैंड के पांच, छह, सात फील्डर बाउंड्री पर थे। गेंदबाज अपने रनपर खड़ा होकर सोच था कि मैं इनको कैसे आउट करूंगा? वे थोड़े अधिक भावुक हो गए थे और अंत में सर्वश्रेष्ठ टीम जीती और वह थी टीम इंडिया।

## न्यूज डायरी



### भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 25 अगस्त से खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली की अगुआई में भारतीय क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स में खेले गए सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 151 रन से रौंद डाला। बेहद रोमांचक इस मुकाबले में भारत ने शानदार वापसी कर मेजबान टीम के जबड़े से जीत छीन ली। भारत की इस ऐतिहासिक मैदान पर यह तीसरी टेस्ट जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स में टेस्ट मैच जीता था। टीम इंडिया 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1–0 से आगे है। भारत की इस शानदार जीत पर कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया पर खुशी का इजहार किया है। बॉलिवुड अभिनेत्री अनुष्का ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में भारतीय टीम से संबंधित 3 फोटो शेयर की है। अनुष्का ने विराट की तस्वीर पर हार्ट वाले इमोजी के साथ कैप्शन लिखा, क्या जीत है! क्या टीम है! इस जीत को कप्तान विराट कोहली ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश के लिए सबसे खास तोहफा बताया है।

### भविष्यवाणी, टी20 विश्व कप के फाइनल में इन दो टीमों के बीच होगी टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2021 के शेड्यूल का ऐलान मंगलवार को कर दिया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 17 अक्टूबर से ओमान और यूएई में होगा। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। डिजिटल शो में टी20 वर्ल्ड कप 2021 के कार्यक्रम का ऐलान किया किया गया। इस कार्यक्रम का हिस्सा भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी थे, जो इस समय कॉमेंट्री में अपना करियर शुरू कर चुके हैं। शो का संचालन इंग्लैंड की पूर्व महिला क्रिकेटर ईसा गुहा कर रही थीं। इस कार्यक्रम में विंडीज को 2016 में टी20 वर्ल्ड कप चौंपियन बना चुके तत्कालीन कप्तान डेरेन सैमी भी थे। कार्तिक फाइनल में भारत और वेस्टइंडीज को देखना चाहते हैं। बकौल कार्तिक, मैं फाइनल में भारत और वेस्टइंडीज को देखना पसंद करूंगा। मुझे लगता है कि भारतीय टीम के बाद निश्चिततौर पर मेरी दूसरी फेवरिट टीम वेस्टइंडीज होगी।

### जो रूट बोले– विराट कोहली का अपना स्टाइल है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी 5 मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट के दौरान दोनों टीमों की ओर से जुबानी जंग हुई। हालांकि, मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने भारत और इंग्लैंड की टीमों के बीच दुश्मनी को कम किया। जसप्रीत बुमराह और जेम्स एंडरसन ने मैच के अंतिम दिन एक–दूसरे पर जुबानी हमला किया। इससे पहले एंडरसन और विराट कोहली के बीच भी बहस हुई थी। यहां तक कि इंग्लैंड की टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर और विराट कोहली के बीच भी कुछ बातचीत हुई थी, लेकिन किसी भी टीम ने इसकी शिकायत मैच रेफरी या अंपायरों से नहीं की। वहीं, मैच के बाद जो रूट ने कहा कि ये सब खेल भावनाओं के दायरे में रहकर हुआ और रूट ने माना कि विराट कोहली का यही स्टाइल है।

### रवींद्र जडेजा को आगे के टेस्ट मैचों में मौका मिलेगा या नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं। इन दोनों ही टेस्ट मैचों में प्लेइंग इलेवन में बतौर स्पिनर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया। इन दोनों ही मुकाबलों में रवींद्र जडेजा को एक भी विकेट नहीं मिल पाया। लार्ड्स टेस्ट में भी वो खाली हाथ ही रहे और इंग्लैंड के बीसों विकेट तेज गेंदबाज के खाते में ही आया। रवींद्र जडेजा के इस प्रदर्शन के बाद केएल राहुल ने उन्हें लेकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि, अगर लार्ड्स में तेज गेंदबाजों को मदद नहीं मिलती तो हम रवींद्र जडेजा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करते। लार्ड्स टेस्ट मैच में जडेजा ने पहली पारी में 22 ओवर में 43 रन दिए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 6 ओवर गेंदबाजी की और 5 रन दिए।